प्रेस नोट- थाना काँट

जनपद- शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनाँकः 09.11.2025

"थाना कांट पुलिस टीम द्वारा दहेज हत्या के अभियोग में वांछित एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार"

श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर, महोदय के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम, क्रियाशील एवं चिंन्हित किये गये अपराधियों, वांछित एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के परिपेक्ष्य मे प्रचलित अभियान के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर महोदय के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कांट के नेतृत्व में मु0अ0सं0 473/25 धारा 80(2) बी.एन.एस. व ¾ डीपी एक्ट के अभियोग में वांछित अभियुक्त शिवम पुत्र भगवानदास निवासी ग्राम अकर्रा रसूलपुर थाना कांट जनपद शाहजहाँपुर को किया गया गिरफ्तार।

संक्षिप्त विवरणः-

वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना कांट पर दिनाँक 07.11.2025 को मु0अ0सं0 473/2025 धारा 80(2) बी.एन.एस. व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम बनाम अभियुक्तगण 1.शिवम पुत्र भगवानदास 2.भगवानदास पुत्र नामालूम 3.गीता देवी पत्नी भगवानदास 4.वैष्णवी पत्नी नामालूम 5. आशा देवी पत्नी नामालूम सर्व निवासीगण ग्राम अकर्रा रसूलपुर थाना कांट जनपद शाहजहाँपुर द्वारा वादी की बहन से अतिरिक्त दहेज मे एक मोटरसाईकिल व 50000 रूपये की मांग करना तथा मना करने पर वादी की बहन की हत्या कर उसके शव को फांसी के फंदे पर लटका देने के सम्बन्ध मे पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 09.11.2025 को क्षेत्र भ्रमण के दौरान जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि उपरोक्त मुकदमे से सम्बन्धित अभियुक्त शिवम उपरोक्त कही जाने की फिराक मे ददरौल मोड से ददरौल गांव की तरफ करीब 50 कदम की दूरी पर खडा है। इस सूचना पर तत्काल थाना कांट पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर अभियुक्त शिवम पुत्र भगवानदास उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम अकर्रा रसूलपुर थाना कांट जनपद शाहजहाँपुर को समय करीब 14.30 बजे ददरौल मोड से ददरौल गांव की तरफ 50 कदम की दूरी पर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

शिवम पुत्र भगवानदास उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम अकर्रा रसूलपुर थाना कांट जिला शाहजहाँपुर

पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

मु0अ0सं0 473/25 धारा 80(2) बी.एन.एस. व 3/4 डीपी एक्ट एक्ट थाना काँट जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थानः-

दिनांक 09.11.2025, समय 14.30 बजे, स्थान- ददरौल मोड से ददरौल गांव की तरफ 50 कदम की दूरी पर थाना क्षेत्र काँट

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री मेघराज सिंह
2. हे0का0 320 राजकुमार
3. का0 2143 शुभम कुमार